
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक


# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 11 • • अंक 131 • • मई, 2016 • • मूल्य : 15/- •





समाज गौरप न्यायाधीश श्री भल्लाराम परमार (पारिवारिक न्यायालय, जोधपुर) ने बाल विवाह रोकधाम एवं उन्मूलन के क्षेत्र में त्वरित न्याय कर विश्व किर्तिमान स्थापित करने पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिश माननीय श्री अजय रस्तोगी से सम्मानित होते हुए

**1 मई, 2016 को 11 वें प्रतिभा सम्मान समारोह, सादड़ी ( पाली ) के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते श्री मोती बाबा, संत शिरोमणि श्री चेतन जी महाराज एवं अन्य समाज पदाधिकारी**











**तेजस होटल एण्ड रेस्टोरेंट मथानिया रोड़, जोधपुर का उद्घाटन करते श्री राजेन्द्र सोलंकी, श्री राजेश गहलोत, श्री सांवर परिहार एवं अन्य गणमान्य समाजसेवी**




RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 131 ● 31 मई, 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति



सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

सह संरक्षकः



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

## आगामी 1 से 5 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत होगा आयोजन





- सम्पादक की कलम से . . .
- आगामी 1 से 5 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत होगा आयोजन
- समाज में सामूहिक विवाहों में सैकड़ों जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ
- जनरल ए. के सैनी भारतीय सैन्य अकादमी के नये कमांडेट
- जननायक अशोक गहलोत को जन्मदिवस पर बधाई देने वालों का दिनभर लगा रहा तांता
- छात्रावासों की महत्ती आवश्यकता : श्री राजेन्द्र गहलोत
- शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम समाजसेवी आगे आयें - गहलोत
- भारत सेवा संस्थान, जोधपुर के साथ ही अन्य संस्थाओं ने चिकित्सा शिविर लगा मनाया जन्मदिवस
- समाज के न्यायाधीश श्री भल्लाराम परमार ने त्वरित न्याय कर बनाया विश्व किर्तिमान
- राजस्थान के गौरव अशोक गहलोत
- दिल्ली की मंजिल सैनी बनी लखनऊ की पहली महिला एसएसपी
- टॉ. पारस टाक बनें नागौर सहायक जिला कलेक्टर
- पीपाड़ अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सेमिनार का आयोजन
- विनिता को सफलता पर हार्दिक बधाई
- माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन की गणेश जी की प्रसादी
- माली सैनी धर्मशाला सुन्दर विलास के निविरोध चुनाव सम्पन्न
- अंतराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाडी मुस्कान सैनी को किया सम्मानित
- सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए शिक्षा का महत्व समझना होगा - सैनी
- बनेठा सरपंच नरेन्द्र सैनी होगें कर्मश्री अवार्ड से सम्मानित
- समाज का उत्थान व विकास एकजुटता से ही संभव :- राजकुमार सैनी
- सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम बूंदी जिले के इंद्रगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन
- समाजसेवी श्री मेघाराम परिहार बने प्रदेश प्रचार मंत्री
- प्रीति सैनी ने तेलगांना बोर्ड
- परीक्षा में किया टॉप
- श्री योगेश गहलोत बने प्रदेश महासचिव
- माली समाज धर्मशाला का 15वां वार्षिकोत्सव संपन्न

# सम्पादक की कलम से . . .

# अपने कैरियर का चयन किस प्रकार करें ?



**मनीष गहलोत**
**प्रधान सम्पादक**

कैरियर के संदर्भ में प्रत्येक व्यक्ति को एक ट्रस्टी के समान व्यवहार करना चाहिये किसी व्यक्ति का कैरियर केवल उसके स्वयं के लिए नहीं है, बल्कि यह परिवार, समाज तथा संपूर्ण राष्ट्र के लिए भी है अत: उसे केवल यहीं नहीं सोचना हे कि वह अपने कैरियर से क्या प्राप्त कर सकता है, बल्कि यह कि यह अपने कैरियर के हितार्थ तथा इसके माध्यम से और क्या योगदान कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कैरियर का स्वामी है अत: इसके संबध में पूर्ण दायित्व एवं अंतिम अधिकार उसी का है अन्य लोग सहायता कर सकते है अच्छी सलाह प्रदान कर सकते है।

**कैरियर चयन करने से पहले...**

आज भी ''कैरियर'' का चुनाव हम च्वायस से नहीं चांस के आधार पर ही करते है। तभी तो आमतौर पर अधिकांश छात्र-छात्राएं स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद चाहे-अनचाहे कॉलेजों में ही दाखिला ले लेते है। आगे पढ़ाई जारी रखने की अपेक्षित इच्छा शक्ति व लगन भले ही उनमें बिल्कुल नहीं हो, लेकिन पारिवारिक दबाव और सामाजिक प्रतिष्ठा के चक्कर में पड़कर उन्हें क्षेत्र विषय में अपनी दिलचस्पी व स्थान को ताक पर रखकर बगैर सोचे-विचारे दाखिला ले लेते है। आज जब कैरियर की दुनिया में एक नहीं, अनेकानेक संभावनाऐं सामने है, तब भी अधिकांश छात्रों के माता पिता उनके भविष्य का सजाने -संवारने का एकमात्र रास्ता उच्च शिक्षा ही मानते है तथा उसका केन्द्र या विश्वविद्यालय को। अपने बच्चें के भोजन, कपड़े अथवा घूमने -फिरने के शौक पर भले ही वे किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाते हो, कैरियर के चुनाव में किसी भी तरह की स्वतंत्रता देना उन्हें नागवार गुजरने लगता है या वे फिर इसे उचित नहीं समझते।

इतना ही नहीं सबसे बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि अपने यहां के अधिकांश छात्र-छात्राओं को यह भी नहीं मालूम कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता, अभिरूचि व क्षमता के उपयुक्त किस कोर्स का चुनाव करें। उन्हें यह भी पता नहीं कि आज इतने अधिक व्यावसायिक कोर्स उपलब्ध है। जिसमें पर्याप्त दिलचस्पी हो तथा आगे बढ़ने के तमाम अवसर हो तथा सबसे बड़ी बात यह है कि स्वनियोजित अथवा रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी हो। आज हमारे समाज के अनेकों नेक संस्थानों कॉलेजों, विद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, विश्वविद्यालयों में तमाम व्यवसायिक, गैर व्यवसायिक व तकनीकी कोर्स से संबधित जानकारियां व कोर्स उपलब्ध है, जहां से आप पंसद के विषय का चुनाव कर सकते है। पिछले एक दशक में शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में सैकड़ों ऐसे अवसर पैदा हुए है जिसके बारे में अधिकांश लोगों को आज भी जानकारी नहीं है। माता पिता अपनी अपूर्ण इच्छा व आकांक्षाओं के चलते, पर्याप्त जानकारी के आभाव में या फिर पारिवारिक अनुशासन के कारण उसी कोर्स विशेष को अपनाने के लिए मजबूर होत है। हालांकि यह सबसे खतरनाक स्थिति होती है और इसके नतीजे भी कालांतर में कष्टदायक होते है।

आज उच्च शिक्षा में सिर्फ उन्हीं लोगों को जाना चाहिए  जिनकी दिलचस्पी वाकई अध्ययन तथा शोध में हैं, अन्यथा उन्हें हमारे यहां उपलब्ध अन्य अवसरों में से ही अपने भविष्य की सुरक्षा की तलाश करनी चाहिए। आज स्पोर्टस, मेडिसन, बॉयोटेक्नोलॉजी, कास्मेटॉलॉजी, फैशन, डिजायन तथा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों स्वर्णिम संभावनाएं उपलब्ध है, फिर क्यों नहीं उनमें अपनी क्षमता व प्रतिभा आजमायी जाये। स्कूली शिक्षा समाप्त होने के बाद कैरियर की चिंता व उसका चुनाव प्रक्रिया इतनी अव्यवहारिक है कि अधिकांश छात्र-छात्राएं आगे चलकर अपने ही चयन पर पश्चाताप करते है। दूसरी ओर जो कैरियर का सही चुनाव (यहां 'सही' से तात्पर्य योग्यता, क्षमता व अभिरूचि के अनुरूप है) करते है उन्हें भारत में ही अनेकों अवसर प्राप्त हो जाते है। एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि कैरियर के चुनाव का सही वक्त दसवीं कक्षा होता है। क्योंकि यह एक ऐसा समय होता है जब छात्र-छात्राओं में सर्वाधिक अनिर्णय की स्थिति होती है पर साथ ही उन्हें सबसे अधिक सही सुझाव और दिशा-निर्देश की भी आवश्यकता होती है। विषयों के चुनाव का यह सबसे सही वक्त होता है, पर्याप्त सोच-विचार कर अपनी रूचि के विषय का चयन उसमें कैरियर की संभावनाओं के मद्देनजर ही करना चाहिए। ऐसा नहीं कि आर्ट्स पढ़ने की इच्छा हो और साइंस में दाखिला लेने की मजबूरी, कार्मस में दिलचस्पी हो तथा इजीनियरिंग कोर्स को अपनाने का दबाव, मेडिकल में जाने की इच्छा हो, एम.बी.ए. में दाखिला लेने की विवशता। इस तरह आधे - अधूरे मने से किये गये कैरियर के चुनाव में वांछित सफलता तो संदिग्ध रहती ही है, इच्छित नतीजे न मिलने से जीवन भर के लिए ही वह कोर्स अभिशाप बन जाता है। होना तो यह चाहिए कि आप जो भी कोर्स करने जा रहे हो, उसके बारे में अथवा उसकी संभावनाओं से आपको पूर्णतया वाकिफ होना चाहिए कि आखिर आप वह कोर्स किस लिए कर रहे है। कोर्स का अनायास चयन नहीं होना चाहिए। ऐसा होने पर न तो आप उस कोर्स के प्रति सीरियस हो सकेंगे और न ही अपने प्रति समुचित न्यास कर सकेंगे।

**इसी निराशा के शिकार होने से बचने के लिए कैरियर कॉउसलिंग के माध्यम से विभिन्न उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों एवं विद्यालयों के द्वारा दी जा रही शिक्षा से छात्र-छात्राओं को स्वयं ''कैरियर प्लॉन'' बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे छात्र-छात्राओं को किसी भी क्षेत्र विशेष में कैरियर बनाने की तमन्ना क विभिन्न रास्ते दिखा देने ाार से ही छात्र-छात्राओं में उसे पूरा करने की इच्छा भी प्रबल होने लगती है। उनमें अनिर्णय जैसी स्थिति हर्गिज नही रहती है तथा वे कैरियर विशेष के विभिन्न रास्तों से परिचित होकर फैसला करने की स्थिति में होते है। फिर आज जो दर्जनों ऐसे व्यावसायिक कोर्स हे जिनमें रोजगारकी पूरी गारंटी तो है ही, सबसे बड़ी बात तो यह है कि स्कूल से निकलने के साथ ही दाखिला भी संभव है। उदाहरण के लिए 10 + 2 के बाद कोई भी छात्र-छात्रा चाहे तो इंजिनियरिंग, मेडिकल, तकनीकी शिक्षा, लॉ, मैनेजमेंट, डिजायन, होटल मैनेजमेंट तथा पत्रकारिता में दाखिला ले सकता है। सिर्फ जानकारी होनी चाहिए कि वह शिक्षा कहां ग्रहण की जाये। हमारा उद्देश्य है कि समाज के छात्र-छात्राओं को शिक्षा व कैरियर में उनकी अभिरूचि के अनुसार यह जानकारी दी जाए कि वह अपने समाज व देश में उपलब्ध अवसरों से किस तरह फायदा लेकर अपना भविष्य बना सकते है।  हमारा उद्देश्य है कि छात्र-छात्राऐं उपर्युक्त बिंदुओं के विश्लेषण के बाद, अपना दृष्टिकोण विकसित करना चाहिये कृषि, उद्योग, कानून, चिकित्सा, शिक्षा आदि कके क्षेत्र में आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने वालो के लिये तो अवसरों की खान उपलब्ध है। अपने लक्ष्य निर्धारित कीजिये, अपनी दूरदर्शिता विकसित कीजिये और इसे अपने  सफल लक्ष्य से संबद्ध किजिये।**

**आप स्वयं में इन 6 विशेषताओं का विकास कीजिये -**
**शारीरिक पुष्टता, बौद्धिक गहराई, मानसिक परिपक्वता, ललित कला के प्रति अभिरूचि, भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिक चेतना।**

### संत लिखमीदास स्मारक संस्थान की बैठक में महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

# आगामी 1 से 5 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत होगा आयोजन




नागौर। संत लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में दिसंबर माह में होने वाले स्मारक व देव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। संस्थान के अमरापुरा स्थित परिसर में संत रामरतन महाराज, नृसिंह दास महाराज के सान्निध्य में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति श्री कृपाराम सोलंकी रहे जबकि अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने की। संत रामरतन महाराज ने कहा कि धन की महत्ता आदिकाल से चली आ रही है। त्याग व संयम के साथ इंसान को जीवन जीना चाहिए। संत नरसिंह दास महाराज ने कहा कि मंदिर को पवित्र धाम बनाने में सभी सदस्य सहभागी बने तथा मानव जीवन को सफल बनाएं। संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि मानव जीवन सेवा व संस्कार के लिए हैं। भावी पीढ़ी संत लिखमीदास जी महाराज के सेवा कार्यो से प्रेरणा प्राप्त करें। इसके लिए अमरपुरा धाम का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 से 5 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में सर्वश्री पार्षद ओमप्रकाश सांखला, घेवरचंद चौहान, गोपीकिशन भाटी, गोविन्द कच्छावाहा, मदनलाल कच्छावाहा का सम्मान किया गया। इससे पूर्व समदड़ी, बालोतरा, गुजरात, जोधपुर, पीपाड़ व जयपुर से आए भक्तों ने संत लिखमीदास महाराज व बाबा रामदेव की आरती में हिस्सा लिया।

**बैठक में यह रहे उपस्थित :** सर्वश्री गोरधन राम दग्धी मेड़ता, पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष ऊँकारराम कच्छावाहा, रामचंद्र गहलोत, माली समाज संस्थान नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, भगवानाराम परिहार, बालकिशन भाटी, बालोतरा के महेश चौहान, सुभाष सैनी, मोहनलाल सोलंकी, संस्थान सचिव नरेन्द्रसिंह कच्छावाहा, राधाकिशन तंवर, पारसमल परिहार, नथमल गहलोत, जगदीश सोलंकी, दौलत भाटी, रामजस सोलंकी सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**50 करोड़ की लागत से बन रहा संत लिखमीदास स्मारक**

पोकरण। नागौर जिले के अमरपुरा में बन रहे बड़े भू-भाग में संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारिका भवन का निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को नेशनल हाईवे स्थित त्रिलोचना होटल के प्रांगण में पोकरण सहित उपखंड खेत्र के माली समाज के मौजीज लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी लोगों ने संत लिखमीदास स्मारिका भवनों को कलात्मक बनाने के लिए पोकरण सहित पूरे उपखंड क्षेत्र के माली समाज के प्रत्येक घर से धनसंग्रह करने तथा प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक ईट का उपयोग निर्माण में लगाने के लिए निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती छोटेश्वरी आईदान माली ने बताया कि अमरपुरा गांव में संत लिखमीदास महाराज स्मारिका भवन में अब तक 15 करोड़ रूपए का निर्माण करवाया जा चुका है। इस भवन में अभी तक 35 करोड़ रूपए लगाने बाकी है। उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण के लिए पूरे राजस्थान के माली समाज के लोगों द्वारा इस भवन निर्माण के लिए सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसलमेर जिले सभी लोगों को इस भवन निर्माण कार्य में सहयोग देना का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस भवन में कलात्मक मकराना पत्थरों से बनवाया जा रहा है। वहीं कारीगरों द्वारा शानदार डिजाइन कर इसे निखारा जा रहा हैं उपस्थित लोगों को संबोधित करते समाजसेवी श्री हंसराज सोलंकी ने कहा कि पिछले लंबे समय बन रहे संत लिखमीदास स्मारिका भवन में संत लिखमीदास की जीवनी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी आने वाले लोगों को हर समय उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण गत 30 नवंबर 2011 से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 80 प्रतिशत भवन का निर्माण करवाया जा चुका है। बैठक में किशन निंबली ने बताया कि इस भव्य मंदिर में संत लिखमीदास जी महाराज के जीवन चरित्र संबंधी पूर्ण जानकारी होगी। इसके साथ ही बाबा रामदेव की प्रतिमा, सत्संग भवन, भोजनशाला, अतिथि गृह, संत निवास भवन, देव मंदिर, शिक्षा केन्द्र, स्वास्थ्यप्रद वातारण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधायुक्त उपलब्ध होगी। बैठक में दिनेश भाटी, गोविन्द सोली, श्रवण कुमार, दीपक गहलोत, श्यामलाल, रमेश टॉक, प्रवीण कुमार सहित लोगों ने सहयोग करने को आश्वासन दिया।



बहरावंड़ा खुर्द में सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में बालिका शिक्षा पर

# समाज में सामूहिक विवाहों में सैकड़ों जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ





## 77 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का

छाण। पंच फूल माली समाज बहरावंडा खुर्द की और से शनिवार को सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन समिति अध्यक्ष हजारीलाल सैनी ने बताया कि सम्मेलन में 77 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। वर पक्ष अयोध्यापुरी से सज संवर कर जनकपुरी की ओर गए और वहां पर तोरण मारने की रस्म पूरी कर पाणिग्रहण संस्कार के लिए फेरों पर बैठे। पं. मुरारी लाल शास्त्री ने विधि विधान से वर-वधुओं का पणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया गया। सम्मेलन समिति की ओर से वर-वधुओं को एक सिंगल बेड, कूलर, बक्सा, पांच बर्तन, सोने का मंगलसूत्र, पायजेब, फोलरी, चुटकी आदि उपहार प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी थे तथा अध्यक्षता उपजिला प्रमुख श्योपाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यानारायण सैनी, पूर्व प्रधान मीरा सैनी और सेनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश मंत्री भगवान सैनी थे। राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन जैसे आयोजन हमें करते रहना चाहिए। इसेस समाज को एक मंच पर बैठने का अवसर मिलता है और एकता का विकास होता है। साथ ही सम्मेलन में विवाह करने से बड़े छोटे की भावना मिटती है।

डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी ने कहा कि हमें बेटियों को पढ़ना होगा तब जाकर ही हमारा समाज आगे बढ़ेगा। अगर बेटी पढ़ेगी तो दो घरों को रोशन करेगी। भगवान सहाय सैनी ने कहा कि सम्मेलन के आयोजन से फिजूल खर्चो पर रोक लगती है।

इस अवसर पर सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी, युवा अध्यक्ष कमलेश सैनी, सैनी विकास संस्थान के अध्यक्ष भागचंद सैनी, अल्लापुर के पूर्व सरपंच लटूर लाल सैनी, सम्मेलन समिति के उपाध्यक्ष हुकमचंद सैनी, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सैनी, सहकोषाध्यक्ष कैलाश चंद सेनी वार्ड पंच बलराम सैनी, मानसरोवर बांध वितरण समिति अध्यक्ष रामकुंवार सैनी, पंचायत समिति सदस्य प्रीति सेनी, गिराज बाला, शंकरलाल सैनी, सीताराम सैनी, पूर्व वार्ड पंच रामनिवास सैनी सहित समाज के कई लोग थे। दूसरी ओर जानकीनवमी के अवसर पर बालविवाह रोकने के लिए तहसीलदार नानूराम सैनी बहरवंडा खुर्द पटवारी प्रतापसिंह ने बहरावंडा खुर्द सम्मेलन स्थल के अलावा आसपास के गांवो का दौरा किया।

## सम्मेलन में बही भजनों की सरिता

पंच फूल माली समाज बहरावंडा खुर्द की ओर से सामूहिक विवाह सम्मलेन के अवसर पर भजन संध्या का इस अवसर पर सचिव जितेन्द्र गोठ सम्मेलन समिति सैनी ने की। विशिष्ठ पूर्व केबिनेट मंत्री रमेश गोयल एवं अध्यक्ष चतरसिंह संध्या में शूभ सैनी से गणेश वंदना शुरूआत की। इसके चढ़ी भाग, ओम का घोटा से डरे डिग्गीपुरी का रा प्रस्तुतियां देकर लूटी। इस अवसर पर वैष्णव, अल्लापुर लाल सेनी, कमलकिशोर, शंभूदयाल सैनी, रिंकू सैनी, मुकुट राजेश सैनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 9 विवाह सम्मेलन में 444 जोड़े बंधे एक सूत्र में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की ली शपथ माली समाज के 111 जोड़ों का हुआ विवाह रक्तदान, नेत्रदान और पानी बचाने का भी नवदंपतियों ने लिया संकल्प

कोटा। लोगों की आंखो में उस वक्त आसू भर आए जब लाडलियां अपने बाबुल का घर छोड़कर पिया घर विदा हुई। लाल जोड़ों में सजी-धजी दुल्हनों को बाबुल ने नई जिंदगी की शुरूआत पर ता-जिंदगी खुश रहने का आशीर्वाद दिया। आखातीज के अबूझ सावे पर सोमवार को शहरभर में कई शादी समारोह हुए। माली, मेहर, कोली, गुर्जन, प्रजापति सहिम कुल 9 समाजों के विवाह सम्मेलनों में 444 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। शहर में कई क्षेत्र एवं बाजारों में बैण्डबाजों की धुन पर थिरकते बारातियों का नजारा आम था, तो मैरिज गार्डन और सामुदायिक



भवनों में भी देर रात तक शादी समारोह का दौर चला।

कुन्हाड़ी के पार्वतीपुरम में चल रहे फूलमाली समाज में शाम को उस वक्त सबसे रोमांचक पल आया जब सात फेरों के बाद एक-एक करके सभी 111 जोड़ों को परिजन गोदी में उठाकर पांडाल से बारातार तक ले गए। सम्मेलन के व्यवस्थापक एमएन माली ने बताया कि फेरों के बाद दूल्हे को भगवान विष्णु और दुल्हन को माँ लक्ष्मी का रूप माना जाता है। इसलिए समाज में ऐसी परंपरा है कि फेरों के बाद दूल्हे व दुल्हन को पैदल नहीं चलने दिया जाता। जीजा उनको उठाकर बारातघर तक ले जाते है। सम्मेलन में सभी को उपहार स्वरूप कई वस्तुएं दी गई। सम्मेलन में सभी को कन्या भूण हत्या न करने की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, विधायक संदीप शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह सम्मेलन का किया निरीक्षणः

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट निहालचंद अरोड़ा बाल विवाह रोको अभियान के तहत सोमवार को फूलमाली विकास समिति द्वारा कुन्हाड़ी पार्वतीपुरम में आयोजित विवाह सम्मेलन में पहुंचे। अरोड़ा ने विधिक जागरूकता टीम के सदस्यों को साथ लेकर विवाह स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विवाह के लिए जोड़ो के बालिग होने के संबंध में जानकारी ली। इसी के साथ सम्मेलन में आए लोगो को बाल विवाह के रोकधाम की जानकारी के लिए पेंफ्लेट्स वितरित किए गए। यहां महेन्द्र कुमार गुप्ता एडवोकेट, दीनदयाल सोनी और इकबाल हुसैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 18 जोड़े विवाह बंधन में बंधें

अलवर। नौगांव सैनी समाज एंव सैनी सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 18 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष मदनचंद सैनी ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजसेवी देवीदयाल सैनी, बाबूलाल झरिया, विजय सैनी, दिलबाग सिंह सैनी, पूर्व विधायक जुबेर खां एवं अभय सैनी मचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर लाल सैनी द्वारा की गई। अतिथियों का सैनी समाज एवं सैनी सामूहिक विवाह समिति द्वारा साफा बांध कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। विवाह सम्मेलन में सुबह बारतियों का बस स्टेण्ड स्थित महावीर वाटिका में अवधूत बाबा शिवानंद महाराज के सानिध्य में स्वागत किया गया। स्वागत के बाद बैंड बाजों से निकासी निकाली गई। सभी बारात दिल्ली राजमार्ग स्थित पथवारी मंदिर के समीप स्थित विवाह स्थल पहुंची, जहां सभी जोड़ों का पं. जगदीश शर्मा ने विवाह कराया गया और विवाह उपरांत आशीर्वाद समारोह में सैनी समाज नौगांवा ने सभी जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया।

## सैनी समाज के 24 जोड़े बने हमसफर

**आखजतीज के अबूझ सावे पर विभिन्न समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन हुए, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प**

बांदीकुई। माली सैनी समाज सेवा संस्थान बांदीकुई के तत्वावधान में सैनी समाज का पांचवां सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को सैनी आदर्श पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ। इसमें समाज के 24 जोड़े हमेशा के लिए एक दूजे के हमसफर बने। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन को लेकर सोमवार को सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर रौनक रही।

विवाह जोड़ों को ठहरने के लिए कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था की गई। कार्यक्रम स्थल पर ही सुबह पहले आगुणी, तोरण, वरमाला व फेरों का कार्यक्रम हुआ। यहां एक साथ 24 जोड़ों को बैठाकर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच फेरे कराए। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। फेरों के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष रमेशचंद सैन, जिपस महेश सैनी, छुट्टनलाल सैनी, मोहनलाल सैनी, समाजसेवी भागचंद टांकड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

**इस प्रकार के आयोजन प्रेरणा स्त्रोत**

सम्मेलन में पहुंची क्षेत्रीय विधायक डॉ. अलका, पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी,





ालसोट. सामूहिक विवाह सम्मेलन के मंच पर बैठे अतिथि।





नगरपालिका चैयरमेन लक्ष्मी जायसवाल, चंद्रमोहन आकोदिया, भाजपा देहात अध्यक्ष सुमेरसिंह रलावता, सरपंच डॉ. बद्री सैनी, पार्षद मदनलाल माल, बनवारीलाल बैरवा, गिरीज सैनी, महेश यादव, गौतम सेठी, कुलदीप डोई, खैरातीलाल बैरव, सुखरमा लागड़ी, पूर्णसिंह नंदेरा आदि ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में पहुंचे अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन अन्य समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है।

### यह सामान मिला नवदंपती को

संस्थान की ओर दुल्हा दुल्हन को दहेज में सोने का पेडिल, चांदी की पायजेब, कुलर, पलंग, बक्सा, रंगीन टीवी, दो कुर्सियां, पंखे, सिलाई मशीन, पानी का कैंपर, बर्तन, सिलाई मशीन व साइकिल दी गई।

### 57 जोड़ों ने कुरीतियां दूर करने का लिया संकल्प

लालसोट। सोमवार को रामगढ़ पचवारा गांव में महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के तत्वावधान में सैनी समाज का छटा सामूहिक विवाह सम्मलेन आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों व तहसील क्षेत्र से आए 57 दूल्हे तथा दुल्हनों ने परिणय सूत्र की डोर में बंधकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करेन का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री परसादी लाल मीना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री वीरेंद्र मीना तथा पूर्व आईएएस ब्रजमोहन मीना ने सम्मेलन में पहुंच कर नव-दंपति का आशीर्वाद दिया। सम्मेलन स्थल पर मेले का सा माहौल रहा।

समाज के लोगों की भीड़, मंडप प्रांगण के इर्द-गिर्द बनी रही। दूल्ह-दुल्हनों को देखने की भीड़ लगी रही। सम्मेलन स्थल पर वधु पक्ष व वर पक्ष के लोगों के ठहरने के  लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। इस अवसर पर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कांग्रेस पद्रेश सचिव वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री परसादी लाल मीना, पूर्व अध्यक्ष डांग विकास सत्यनारायण सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के आम तबके को लाभ मिलता है। वहीं दहेज प्रथा पर अंकुश लगने के साथ-साथ महंगाई से भी लोगों को राहत मिलती है।

पूर्व मंत्री परसादी लाल मीना ने 51 हजार रूपए का सहयोग दिया। वही ब्रजमोहन मीना ने युवाओं को रचनात्मक सोच के साथ समाज के विकास के लिए आगे आकर काम करना चाहिए। उनहोंने वर-वधुओं को आर्शीवाद देते  हुए सम्मेलन में 11 हजार रूपए की राशि का सहयोग दिया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री वीरेन्द्र मीना ने कहा कि युवाओं द्वारा बुजुर्गो के मार्ग दर्शन में किए गए इस सम्मेलन से अन्य समाज के लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्हींने सम्मेलन के लिए 51 सौ रूपए का आर्थिक सहयोग दिया।

सरपंच राजोली शंकुतला मीना ने 11 हजार रूपए का सहयोग दिया। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बनाए रखने से लेकर जेबकतरों पर नकेल कसने का काम किया। मौके पर चिकित्सा विभाग की मेडिकल टीम तैनात रही।

समिति के अध्यक्ष श्रवण लाल सैनी, कमलेश सैनी, रमेश सैनी खटवा, मुकेश सैनी बगड़ी, घासीलाल सैनी, चंदालाल सैनी, फूला राम सैनी, रामजीलाल बनास्या, सूरज सैनी एडवोकेट, बाबूलाल सैनी, रामफुल सैनी, मोहन सैनी, गंगाधर सैनी सहित हजारों की तादाद में समाज के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### बीस हजार लोगों ने लिया भाग

सम्मेलन में सैनी समाज के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोगों द्वारा भाग लिए जाने के कारण सम्मेलन स्थल पर भीड़ बहुत रही। मेला जैसा माहौल बना नजर आया। हर तरफ से माली समाज के लोग ट्रेक्टर जीप जुगाड़ों में बैठ कर सम्मेलन स्थल की तरफ पहुंचते नजर आए। तकरीबन बीस हजार लोगों ने सम्मेलन में भाग लिया।

### उपहार में दिया सामान

दुल्हन के कपड़े, चुटकी पायजेब, बाली सोने की, पलंग, आलमारी, बक्सा, कुर्सी, बर्तन, पंखा, मिक्सी सहित अन्य सामासन दिए गए है।

### माली समाज के 84 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे
### 23वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन

टोंक। श्री दुर्गा माता मंदिर सौलंगपुरा में टोंक सदर माली (सैनी) समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित 23 वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन शनिवार की देर रात को वर-वधु के पाणिग्रहण संस्कारय के साथ सम्पन्न हुआ। शनिवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन के 84 दूल्हों की निकासी संतोषी माता मंदिर से निकाली गई। इसमें भी समाज के महिला-पुरूष नाचते-गाते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर पहुंचे, जहां देर शाम को वर-वधु के पाणिग्रहण संस्कार के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन







का समापन हुआ।

इस अवसर पर सदर माली समाज अध्यक्ष शंकरलाल धुवारिया, माली समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, जिला महामंत्री एडवोकेट लाभचंद अजमेरा, ऑल इण्डिया सैनी समाज संगठन के जिलाध्यक्ष पांचू लाल सैनी, एडवोकेट छोटेलाल सोलंकी, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के नाथूलाल सैनी, रमेश खुवाड़िया, जगदीश बनवाडिया, इंजीनियर भैरूलाल सैनी, पूर्व सहवरण पार्षद कालूराम बागड़ी, कल्याण मल बड़ीवाल, कमलेश डाबला, मुरली सैनी, रोडू मसाण्यां, प्रभुलाल खरोल्या, कमलेश जादम, पूरण मावड़ा, चेतन दिया, बच्चूलाल सांखला, सीताराम मारोट्या, पार्षद चौथमल सैनी, मुकेश सैनी, चौथमल निवाईवाल, भंरजी चांदमा वाले, प्रहलाद बड़ीवाल, कमलेश सैनी, सीताराम मारोट्या, रामप्रसाद बागड़ी, अचलेश सैनी, धन्नालाल जादम सहित हजारों की संख्या में प्रदेश व जिले भर से माली (सैनी) समाज के लोग शामिल थे।

## देर रात तक चली भजन संध्या

आयोजन समिति के प्रवक्ता रमेश चंद सैनी रहमानदिया ने बताया कि शुक्रवार की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार हेमाराज सैनी, प्रकाश सैनी एण्ड पार्टी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में भवाई नृत्य कलाकार अशोक पहाडिया एण्ड पार्टी ने प्रदर्शन किया।

## जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता टोंक विधायक अजीतसिंह मेहता एवं विशिष्ट अतिथि देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, टोंक पंचायत समिति प्रधान जगदीश गुर्जर, नगर परिषद उपसभापति अजय सैनी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महामंत्री प्रभुलाल बाड़ौलिया ने विवाह सम्मेलन में सभी 84 नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सांस्कृतिक समोराह में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने कहा कि सामाजिक विवाह जैसे रचनात्मक कार्यक्रम होते रहना चाहिए इससे जहां फिजूखर्ची पर रोक लगती है वही बालविवाह जैसी कुरीतियां भी समाप्त होती है। इस मौके विधायक अजीत सिंह मेहता ने कहा कि आज के इस बदलते दौर में शिक्षा का बढ़ा महत्व है बिना शिक्षा के आप किसी क्षेत्र में आगे नहीं बढ सकते ना ही किसी बुराई पर रोक लगा सकते। इस कारण प्रत्येक परिवार को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाएं और बेटा ओर बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव ना करें। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि विधायक राजेन्द्र गुर्जर, प्रधान जगदीश गुर्जर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सांसद जौनापुरिया ने सौलंगपुरा क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

## महंगाई के इस खर्चीले युग मे सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की प्रमुख जरुरत-रणवीर पहलवान

### सैनी समाज के 68 नवविवाहित जोड़ो एक-दूजे के हुए

पूर्व विधायक एवं भामाशाह रणवीर पहलवान ने कहा कि मंहगाई के इस खर्चील युग में सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की प्रमुख जरूरत अना गया है इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक संकट से जूझ रहे ग्रामीण भाईयों को अपने बच्चे की शादी के नाम पर होने वाले भारी भरकम से खर्च से बचाव होता है तथा शादी ब्याह के नाम पर होने वाले लाखों के रूपय खर्च की राशि ऐसे माता पिता अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर खर्च कर उन्हें जिम्मेदार और



स्वालम्बी नागरिक बना सकते है।

टोड़ा-मालपुरा पूर्व विधायक रणवीर पहलवान शनिवार को उपखण्ड मुख्यालय पर मौली माता मन्दिर समिति के तत्वावधान में मौली माता मन्दिर समिति के तत्वावाान में मौली माता मन्दिर क्षेत्र में आयोजित माली (सैनी) समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

पूर्व विधायक पहलवान ने कहा कि आज शादी ब्याह के नाम पर शहरों की देखा देखी में गांवों के ग्रामीण लोग भी कर्जा लेकर भी अपने बच्चों की शादी बयाह के नाम पर लाखों रूपये बंबादी कर अपने बच्चों पर कर्ज का बोझ लाद देते है ऐसे में सैनी समाज की ओर से ऐसे नागारिको को सामूहिक विवाह का मंच प्रदान करते हुए सामाजिक एकता और समरसता के रूप में सामूहिक विवाह सम्मेलने का आयोजन करना प्रशासनीय एवं सराहनीय कदम है। आयोजन को लेकर सीमित संसाधनो के बावजूद मोली माता मन्दिर समिति की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन के भव्य आयोजन पर कार्यकारिणी व कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की सलाह दी।


इस अवसर पर माली समाज जिलाध्यक्ष कमलेश सिगोदिया, क्षेत्रीय विधायक कन्हैया लाल चौधरी, पूर्व विधायक व भामाशाह पहलवान, उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल सैनी, एडवोकेट भागचंद सैनी न. पा. अध्यक्ष संतकुमार जैन, केकड़ी पंचायत समिति प्रधान पूजा सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज संगठन जिलाध्यक्ष पांचूलाल सैनी, जिला महासचिव रमेशचंद सैनी रहमानदिया, कालूराम अजमेरा किशनगढ़, पूर्व सरपंच कजोड़मल अजमेरा जयपुर, नशीलाल अजमेरा जयपुर, रमेशचंद अजमेरा जयपुर, एडवोकेट चम्पालाल अजमेरा आगर एमपी, प्रहलाद अजमेरा आगर एमपी, देवीलाल अजमेरा एमपी, प्यारेलाल अजमेरा आगर एमपी, कंवरलणल अजमेरा आगर एमपी, सत्यनारायण अजमेरा जयपुर, ओमप्रकाश अजमेरा जयपुर, विनोद अजमेरा जयपुर, लक्ष्मीनारायण अजमेरा जयपुर, दिनेश अजमेरा जयपुर, बजरंग लाल अजमेरा टोड़ारायसिंह, नंदूदेवी टोड़ारायसिंह, गोपीलाल टोड़ारायासिंह, देवाराम, छोटूलाल, कालूराम, गोकुलराम, रामकिशन, कन्हैयालाल दगधी, धर्मेन्द्र गहलोत, गुलाबचन्द गहलोत, मनोह अजमेरा, रामनिवास सैनी, डॉ. जे.पी. गुप्ता, नितीनकुमार मीणा, केदान मीणा, पवनकुमार जैन, लालचंद बूंदी, रमेश अजमेरा जयपुर, बंशीलाल कोटा, ओमप्रकाश जयपुर आदि ने सैनी समाज विवाह सम्मेलन के दौरान परिणय सूत्र में बंधे 68 नवविवावित जोड़ों को भी आशीर्वाद प्रदान करते उनके मगलमय सुखी जीवन की कामना की साथ ही पूर्व विधायक पहलवासन ने सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति टोडा को 51 हजार कन्यादान में प्रदान किए।

इस अवसर पर मोली माता मंदिर सेवा समिति टोडारायसिंह व सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष गगाराम अजमेरा, उपाध्यक्ष्ज्ञ रामप्रसाद, राधेश्याम कोषाध्यक्ष, सत्यानारायण महामंत्री, सीताराम अजमेरा, किशनलाल, संगठन मंत्री भगवान सहाय सैनी, सत्यनारायण दमाणकया, प्रवक्ता बाबूलाल दमाणक्या, रामप्रसाद दमाणकया, संयोजक अशोककुमार अजमेरा, महावीर दमाणक्या, विधि सलाहकार एडवोकेट लाभचन्द अजमेरा, रामबाबु, मुकेश, कमेलश, राकेश, पूर्व एसएचओ भंवरलाल अजमेरा, नारायण अजमेरा, संरक्षक बजरंगलाल दमाणक्या, गोपीलाल मोटा, गोपीलाल भराटिया, बजरंगलाल, रायला पटेल, पूर्व पार्षद गोपाल सैनी, सूरजमल भराटिया, गोपीलाल दमाणक्या, आदि मौजूद थे। इस मौके पर समाज के लोगों व पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रणवीर पहलवान के आगमन पर माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इससे पूर्व बीती रात को सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थानी गायक कलाकार डबल रंगीला, श्योजीलाल सैनी समेत डांसर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर तड़के तक लोगों को आनंदित किया।

### विगत दिसंबर से रिक्त चल रहा था पद

# जनरल ए. के सैनी भारतीय सैन्य अकादमी के नये कमांडेट



देहरादून। जनरल ए. के. सैनी भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के नए कमांडेंट (समादेशक) होंगे। उन्होंने आइएमए के 46वें कमांडेट के तौर पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। लेफ्टिनेंट जनरल बीएस नेगी के मध्य कमान के जीओसी इन सी बनए जाने के बाद से यह पद विगत दिसंबर से रिक्त चल रहा था। श्री सैनी ने 21 मई को अपना पदभार ग्रहण किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल सैनी जून 1981 में जाट रेजीमेंट की 7वीं बटालियन में कमीशन हुए। 36 वर्ष के अपने कॅरियर में वह कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे हैं। इस दौरान विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रम में वह अग्रणी रहे और कई उपलब्धियां उनके नाम रही हैं। वह अपनी बटालियन, एक माउंटने ब्रिगेड व जम्मू-कश्मीर में काउंटर इंसरजेंसी फोर्स को कमान कर चुके है। आपको नेशनल डिफेंस कॉलेज, बांग्लादेश में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए पुरस्कार भी प्राप्त किया है। सैनी को सामरिक अध्ययन की परीक्षा में तीन मास्टर्स डिग्री रखने का गौरव प्राप्त किया है।

जनरल सैनी नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) में सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ व नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स ट्रेनिंग सेन्टर में वैपन इंस्ट्रक्चर भी रहे। वह एक अच्छे लेखक भी है और कई मैगजीन, समाचार पत्रों व जर्नल में लिखते रहे है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मचं पर वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का बदलता चेहरा और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग एवं आपसी विश्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके है। अपनी उत्तम सेवा एवं शौर्य के लिए उन्हें कई सम्मान मिल चुके हैं। आइएमए कमांडेंट बनने से पहले वह एनडीसी, नई दिल्ली में सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ के पद पर आसीन थे।

माली सैनी संदेश परिवार सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# जननायक अशोक गहलोत को जन्मदिवस पर बधाई देने वालों का दिनभर लगा रहा तांता

## हजारों यूनिट रक्तदान, चिकित्सा शिविर, गौशाला में गौ सेवा, पक्षियों के लिए परिंडे जैसे पूण्यार्थ के कार्य कर सभी ने जन नायक के दिघार्यु होने की कामना की



3 मई। आज राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपना 66वां जन्मदिवस मना रहे थे जिसकी चर्चा पूरे जयपुर शहर के साथ ही राजस्थान के कौने कौने में बनी रही। सभी जगह जन नायक गहलोत के आकर्षक पोस्टर बैनर सजे हुए थे, यही नहीं अशोक गहलोत का निवास पूरा होर्डिंग्स से अटा हुआ नजर आया। अल सुबह से ही गहलोत के समर्थक बधाई देने के लिए उनके निवास स्थान पर पहुंच गए, जैसे जैसे समय बीतता गया भीड़ इतनी बढ़ गई की लोग एक दूसरे से बचकर आगे बढ़ते नजर आ रहे थे। वहीं गहलोत अपने समर्थकों के द्वारा दी जा रही फूलों ककी माला, तस्वीर और उपहार लेकर सहजता से मुस्कराते हुए बधाईयाँ स्वीकार कर रहे थे। हजारों की तादाद में समर्थक पहुँचने पर सिविल लाइन जाम के हालात बन गए तो वही पुलिस प्रशासन के पसीन छूट गए। राजनीति में ऐसा भव्य जन्मदिन बहुत कम राजनेताओं का देखने को मिलता है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाएं तक शामिल हो। इसके अलावा अकेले जयपुर शहर में 15 रक्तदान शिविर भी आयोजित हुए।

पूरे राजस्थान भर से जगह जगह से बड़ी धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। झुंझुनू के मारू गांव के एक 80 वर्षीय विकलांग नागरमल ने अपने पौते से बाजार से मिठाई मंगवाकर बांटी। आज गांव गांव ढ़ाणी ढ़ाणी में फल शरबत पिलाया जा रहा है। पंक्षियों के लिए परिडे लगाये जा रहे है गौशालााओं में तुड़ा, गुड़ व चारा डलवाये जा रहे है। ऐसा लग रहा था कि गहलोत के जन्म दिवस को यादगार मनाने के लिए घर घर में कढ़ाई जलाई जा रही है। कहीं टेंपो पाले ने आज एक दिन के लिए किराया नहीं ले अशोक गहलोत को जन्मदिन का तोहफा दिया।

कुल मिलाकर आज उमड़ी भीड़ से यह साफ संकेत है कि गहलोत का क्रेज बढ़ता जा रहा है, लोग कुछ ऐसा महसूस करके उमड़ रहे है जैसा कि आने वाले समय में गहलोत ही प्रदेश की बागडौर संभालने वाले हो। संकेत साफ है गहलोत की दिवानगी लोगों के दिलों से जाने का नाम नहीं ले रही है। अब तो यह समय तय करेगा की ऊंट किस करवट बैठता है, पर यह बात तय है कि अशोक गहलोत लंबी पारी खेलने का मन बना चुके है और वो राजनीति के जादूगर भी कहलाते है इसलिए कुछ भी असंभव नहीं है। सोशल मिडिया पर भी गहलोत का क्रेज युवाओं में देखा गया, युवा लोग अपने फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सऐप ग्रुप की डीपी बदल कर गहलोत का फोटो लगा कर हेश टैग अशोक गहलोत के साथ बधाई संदेश दे रहे थे।

# छात्रावासों की महत्ती आवश्यकता : श्री राजेन्द्र गहलोत




भीनमाल। शहर के राजकीय महाविद्यालय पीछे स्थित माली समाज छात्रावास का प्रथम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव व शिक्षा जागृति सम्मेलन बुधवार को महात्मा ज्योति बा फूले माली शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में महंत चेतनगिरी जी महाराज व कानाराम के सान्निध्य में हुआ। वार्षिकोत्सव में जिलेभर से कई संख्या में माली समाज के लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर समाज सुधार, सामज के शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने को लेकर विचार-मंथन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि समाज में शिक्षा की महत्ती आवश्यकता है। शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्द्धा के दौर मे समाज में छात्रावासों का निर्माण होना चाहिए। छात्रावासों में ग्रामीण क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी अध्ययन कर अपना केरियर बना सकेगें। उन्होंने उपस्थित युवाओं को समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्ती भूमिका निभाने का आव्हान किया।

महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती बाबा फूले ने समाज में संगठन की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को आपसी मनमुटाव भूलाकर समाज के विकास में भागीदारी निभाने का आव्हान किया। युवा कांग्रेस नेता श्री राजेश गहलोत ने कहा कि युवाओं को वर्तमान में तकनीक शिक्षा के क्षेत्र में धन खर्च करना ही धन का धन का सदुपयोग है। समारोह को पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, डॉ. मगनाराम परमार, श्री जितेन्द्र सुंदेशा, माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, श्री गुलाब गहलोत, श्री पुरूषोत्तम सैनी व श्री रामअवतार सैनी ने भी संबोधित किया। समारोह में वार्षिकोत्सव के चढ़ावों के लाभार्थियों का बहुमान किया गया। महात्मा ज्योति बा फूले माली शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री भारताराम सुंदेशा ने अतिथियों व आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष श्री जी. एम. परमार, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जयरूपाराम माली, श्री बाबूलाल सुंदेशा, श्री किशोर सांखला, श्री छगाराम सांखला, श्री सांवलाराम परकार, माली यूथ बिग्रेड के अध्यक्ष श्री सी. एल. गहलोत, सर्वश्री गजाराम माली, राजमल परमार, डॉ. प्रेमराज परमार, दुर्गाराम, भभूताराम परमार, सुरेश सोलंकी, लकमाराम परिहार मौजूद थे।

इसके पूर्व संध्या पर मंगलवार शाम को शहर के गायत्री मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा वहां से रवाना होकर किर्ती स्तंभ, क्षेमंकरी चार रास्ता, रेबारियों की ढ़ाणी होते हुए माली समाज छात्रावास पहुंची शोभायात्रा में सिर पर कलश धारण किए चल रही बालिकाएं व युवतियां, बैण्ड की धुन पर थिरकते हुए चल रही थी। शोभायात्रा का नजारा देखते ही बन रहा था।

# शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक रुप से सक्षम समाजसेवी आगे आयें – गहलोत

## माली समाज धर्मशाला का 15वां वार्षिकोत्सव संपन्न



भीनमाल। माली समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 15वां वार्षिकोत्सव शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष डॉ. समरजीतसिंह, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, मनोज प्रजापत, युका के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ऊगमसिंह राठौड़, माली सैनी समाज के महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब गहलोत, उपाध्यक्ष जीएम परमार व रघुभाई देवड़ा मौजूद थे।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुंधा पर्वत पर यात्रियों की सुविधार्थ निर्मित धर्मशालाल व उसमें उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अभिभावकों के साथ-साथ आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को भी आगे आने का आह्वान किया।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने प्रतिस्पर्धा के दौर में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बालकों के साथ-साथ बालिकाओं को भी संस्कारवान उच्च शिक्षा ग्रहण करवाकर समाज वे देश का रोशन करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, संध्या चौधरी, पूर्व नपा अध्यक्ष हीरालाल बोहरा, माली सैनी समाज के प्रदेश संरक्षक प्रेमाराम सोलंकी, महासचिव चंपालाल सुंदेशा, माली समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल टोरसो, भीनमाल नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली, भारताराम माली, भंवरलाल सोलंकी, हंजारीमल परमार व बाबूलाल सुंदेशा सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से समाज के लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व गहलोत के धर्मशालाल पहुंचने पर समाज की ओर से माला पहनाकर व अभिनंदन पत्र प्रदान कर स्वागत किया गया।

# भारत सेवा संस्थान, जोधपुर के साथ ही अन्य संस्थाओं ने चिकित्सा शिविर लगा मनाया जन्मदिवस



जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के मौके पर जयपुर में उनके आवास पर दिनीार नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। उनके जन्मदिन के मौके पर बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट, जयपुर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतापसिंह खाबरियावास, पूर्व सांसद महेश जोशी, संजय बाफना, विक्रमसिंह शेखावत, ज्योति खण्डेलवाल सहित जयपुर के कांग्रेस पार्षद और बड़ी संख्या में अन्य नेता शामिल रहे।

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बधाई के लिए ट्विट किया। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों से आए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी गहलोत को जन्मदिन की बधाईयां दी। गहलोत के जन्मदिन के मौके पर जयपुर में कई स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया और स्वास्थ्य जांच के कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष सतवीर चौधरी के नेतृत्व में लगाए गए रक्तदान शिविर में सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पीसीसी महासचिव वैभव गहलोत, पूर्व सांसद महेश जोशी, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष समित भगासरा सहित अन्य छात्र नेता मौजूद उपस्थित थे। छात्र नेता हुसैन सुल्तानिया के नेतृत्व में रक्तदान शिविर में उत्साह के साथ युवाओं ने रक्तदान किया। मानसरोवर स्थित साकेत अस्पताल में कांग्रेस नेता वेद प्रकाश सोलंकी की ओर से हर साल की तरह से इस बार भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया छात्र नेता विजेन्द्र सिहाग की ओर से स्वेज फार्म में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

गहलोत के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस एससी विभाग के सचिव चन्द्रशेखर चांवारिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दलित बस्तियों में जाकर मिठाईयां और फल बांटकर गहलोत की दीर्घायु की कामना की।

## पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में हुए 511 यूनिट रक्तदान एकत्रित

तिंवरी। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 66वें जन्मदिवस पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित कर दीघायु की कामना की।

तिंवरी पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त 26 ग्राम पंचायतों में युवा कांग्रेस के महासचिव सांवर परिहार के नेतृतव में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाये गए।

युवा कांग्रेस के महासचिव सांवर परिहार ने बताया की तिंवरी पंचायत समिति क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर गहलोत के प्रशंसको द्वारा पक्षियों के लिए परिण्डे लगाकर सार संभाल की जिम्मेवारी ली। महासचिव परिहार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की गहलोत सादगी और गांधीवादी विचारों की प्रतिमूर्ति है, आज के युवाओं को गहलोत के बताये पदचिन्हों पर चलकर देश और गांव गरीब सेवा का संकल्प लेना चाइये।

## रक्तदान शिविर में भाग लेने पहुंचे कार्यकर्ता

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर जोधपुर जिला देहात और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पाल गांव ओसियां विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर में पहुंच कर रक्तदान किया। क्षेत्र के युवा नेता अचलसिंह गहलोत ने बताया की जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में कुल 511 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ जिससे 118 यूनिट ओसियां विधानसभा के युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

क्षेत्र में रक्तदान शिविर के मुख्य आयोजक और युवा कांग्रेस महासचिव सांवर परिहार ने बताया की जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में पाली के पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी देहात, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हीराराम मेघवाल, युवा नेता राजेश गहलोत, उम्मेदनगर के युवा रामनिवास मण्डा शेरगढ़ के उम्मेदसिंह राठौड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओसियां के अध्यक्ष बंशीलाल कछवाहा पंचायत समिति सदस्य प्रेमसिंह परिहार, ओसियां के पूर्व प्रधान नारायणराम डाबड़ी भोमाराम चौधरी पाल के पूर्व सरपंच भल्लाराम सारण तिंवरी पंचायत समिति सदस्य अशोक प्रजापत, फिरोज बेलिम, बेठवासिया सरपंच पप्पूराम जाखड़ चौपासनी चारणन के युवा नेता गणेश गहलोत, रामकिशोर परिहार, अजित कछवाहा, एन.एस.यू.आई. के सचिव ललित गहलोत, छँवरसिंह परिहार, जगदीश परिहार, धनराज, अर्जुन टाक सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# समाज के न्यायाधीश श्री भल्लाराम परमार ने त्वरित न्याय कर बनाया विश्व किर्तिमान



7 मई, 16 जोधपुर। माली समाज गौरव पारिवारिक न्यायालय, जोधपुर के न्यायाधीश श्री भल्लाराम परमार ने न्यायाधीश के पद पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए लोक अदालत के माध्यम से पत्नी पति के कई समझोते कराकर अनेकों बिछड़े जोड़ों को मिलाने का कार्य किया है जो अब अत्यन्त प्रसंन्नता से अपने दाम्पत्य जीवन को चला रहे है।

श्री भल्लाराम परमार ने बाल विवाहों को निरस्त करने में अतिशीघ्र निर्णय दिये, जो कि विश्व रिकार्ड है। बाल विवाह एक अभिशाप है इसके प्रति जागृति लाने तथा बच्चों पर इस कुप्रथा से हो रहे दुष्प्रभावों के चलते शीघ्र निर्णयों की अति आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए श्री परमार ने अपने पद की गरिमा के अनुरूप त्वरित न्याय किया। उनके इन निर्णयों से हेतु श्री भल्लाराम परमार का नाम वर्ल्ड रिकार्ड बुक में दर्ज किया गया है। उनके इस किर्तिमान को प्राप्त करने पर आज राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री अजय रस्तोगी ने भव्य समारोह में सम्मानित किया।

माली सैनी समाज में जन्में श्री भल्लाराम परमार का जन्म भीनमाल में 1, जुलाई, 1956 को हुआ । आपने वाणिज्य एवं विधि में स्नातक की उपाधि प्राप्त की आपका शैक्षणिक स्तर हमेशा उत्तम रहा है। स्कूल एवं कॉलेज में अध्ययन के दौरान कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग भी लिया। श्री परमार अच्छे एथेलेटिक्स भी रहे है। आपका फरवरी 1992 में राजस्थान न्यायिक सेवा में चयन हुआ। अपने पिता श्री पदमाराम एवं माता श्रीमती नाजूदेवी की प्रेरणा से मजिस्ट्रेट से लेकर जिला न्यायाधीश केडर तक ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से न्यायायिक कार्य संपादित करते रहे है। आपका विवाह 12 जून, 1982 को श्रीमती रम्बादेवी परमार के साथ संपन्न हुआ। श्री परमार के परिवार में दो पुत्र एवं दो पुत्रियां है। इनके बड़े पुत्र श्री श्रवण सैनी ने एल.एल.बी., एल.एल.एम. की शिक्षा प्राप्त की है तथा अपने पिता के निर्देशन से राजस्थान उच्च न्यायालय में सक्रिय अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे है। श्री भल्लाराम परमार के भ्राता डॉ. एम. आर. परमार, संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत है। उनका स्वयं का जालोर में निजि अस्पताल है। इनके दो अन्य भाई श्री तिकमाराम प्रापर्टी का तथा छोटे भाई बारूद का व्यापार करते है। हम सभी श्री परमार के इस किर्तिमान पर उनको हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वलतम् भविष्य की मंगल कामना करते है।



# राजस्थान के गौरव अशोक गहलोत

**राजस्थान के सर्वमान्य श्री अशोक गहलोत ने रात दिन मेहनत से व योजनाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित कर जनता के प्रत्येक वर्ग के दिल में स्थान बनाया है और आम जन की सरकार,पारदर्शी, जवाबदेह, संवेदनशील व प्रगतिशील सरकार देने के अपने दावे को साकार किया, असन्तोष व्यक्त नही किया है। कांग्रेस हाई कमान विशेषकर कांग्रेसाध्यक्षा सोनिया गॉधी कांग्रेस के उपाध्यक्ष, राहुल गॉधी, प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह उनसे बहुत प्रभावित एवं प्रसन्न थे। सरकार व संगठन दोनो मिलकर एक जुटना के साथ विकास के बल पर एवं विपक्ष की आपसी फूट, निराशा तथा हताशा का लाभ उठाना चाहते है।**

**श्री गहलोत ने व्यापारिक राजनीति से समझौता नही किया प्रगतिशील नीतियों व बुजुर्गो को पेंशन की आलोचना पर उन्होंने कहा कि पैसा उडाना अलग बात है और उसे योजना बनाकर विकास में खर्च करना अलग बात है और इसका आम लोगों पर असर पडा है।**

महात्मा गांधी के सिद्धान्तों के अनुसार प्रेरित होकर श्री अशोक गहलोत सरकार ने गरीबो व आम आदमियों के लिए रोटी, कपडा,मकान, स्वास्थ्य व शिक्षा को आमजन के अधिकार के रुप मे स्वीकार कर लागू कर ''अस्पताल आईए स्वस्थ होकर जाइये'' न दवा का पैसा न जांच का खर्चा'' मां और ममता को भी सरकारी आंचल'' समय पर सरकारी सेवाओं की गारन्टी, गांव व शहर के गरीब को पक्के घर, बुजुर्ग महिला-पुरुष को बिना शर्त घर बैठे सरकारी पेंशन, किसानों को सस्ती बिजली व बिना ब्याज के फसली ऋण, 40 लाख से अधिक गरीब परिवरों को एक रुपया किलो की दर से प्रतिमाह प्रति परिवार 25 किलो गेहूँ। अवैध शराब के कारोबार से जुडे परिवारों का पुनर्वास, अकुशल को कुशल बनाने हेतु प्रशिक्षण व रोजगार की गारन्टी, बेरोजगार ग्रेजुएटस को बेरोजगारी भत्ता, तकनिकी ज्ञान वृद्धि हेतु लैपटाप व टेबलेट का नि:शुल्क वितरण, अल्प संख्यको व महिलाओं को शिक्षण प्रशिक्षण'' की विशेष व्यवस्था आदि योजनाऐं प्रारम्भ की गई।

राजस्थान की राजधानी जयपुर के लिए सबसे बडा व ऐतिहासिक कार्य बरामदों को अतिकमण से खाली कराने का हुआ जिसने बाजारों की शक्ल बदल दी। अनेक वर्षो तक होई कोर्ट का आदेश होने के बाद भी कोई राजनीतिक व्यक्ति बरामदों को खाली कराने की हिम्मत नही जुटा पाया था। गहलोत ने साहसिक कदम उठाया और लोग उनकी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मानने पर मजबूर हो गए। जयपुर की विरासत संरक्षण के लिए भी उनके प्रयास अत्यन्त प्रशंसनीय है।

अशोक गहलोत की सरकार ने जयपुर के विकास के लिए कोई कसर नही रखी और पिछले सभी रिकार्ड तोड दिए। विरोध के बावजूद जयपुर में नए ओवर ब्रिज, अन्डर ब्रिजो का निर्माण रामनिवास बाग में पार्किग स्थल का निर्माण व मैट्रो रेल प्रारंभ करने का फैसला भी किया तथा घोषणा की है कि जयपुर में केन्द्रीय विश्वविधालय तथा उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य के अनेक केन्द्र खोले जाएगें। धारा 90 बी की कार्य पद्धति पर रोक लगा कर उसे पुन: व्यवस्थित रुप 90-ए के रुप मे प्रारंभ करने के फैसले ने जयपुर को बिकने व बर्बाद होने से बचा लिया। उनके इन प्रयासों से जयपुर को पर्यटन नगरी का अपना पुराना गौरव प्राप्त होगा।

**(डा.सत्यनारायण सिंह)**

### उतार - चढ़ाव के बाद मंजिल ने पाई मंजिल

# दिल्ली की मंजिल सैनी बनी लखनऊ की पहली महिला एसएसपी

## समाज को गौरवान्वित करने वाली मंजिल सैनी पर बनेगी फिल्म, साउथ की ऐश्वर्या निभायेगी मंजिल का किरदार।



17 मई, लखनऊ। इसे कहते है वक्त का फेर। कभी जिस आई.पी.एस. अधिकारी को यूपी में केवल एक शिकायत की वजह से सीएम अखिलेश यादव ने हटा दिया था। उसे अब प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण पोस्टिंग यानि लखनऊ की एसएसपी के पद से नवाजा जा रहा है। मंजिल सैनी लखनऊ की पहली महिला एसएसपी होगी। ये वही मंजिल सैनी है जिन्हें मुजफ्फरनगर से एसएसपी की पोस्ट से केवल इसलिए स्थानांतरित कर दिया गया था। क्योंकि सूबे के कद्दावर सपा नेता आजम खां के कहने पर कुछ मुस्लिम युवकों को नहीं छोड़ा था।

19 सितम्बर, 1975 को दिल्ली में जन्मी मंजिल सैनी ने अपनी पढ़ाई सेंट स्टीफेंस कॉलेज से की। इसके बाद दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनामिक्स से मंजिल ने न सिर्फ मास्टर डिग्री हासिल की बल्कि गोल्ड मेडल भी हासिल किया। वर्ष 2005 बैंच की आईपीएस अधिकारी मंजिल सैनी इसके पहले इटावा, मुजफ्फरनगर, बदायूं, मथुरा, समेत आधा दर्जन से ज्यादा जनपदों में बतौर पुलिस कप्तान तैनात रही। इटावा में वह बीते एक साल से बतौर एसएसपी तैनात थी। ट्रेनिंग पूरी करने के महज छह माह के अंदर ही मंजिल ने मुरादाबाद में तैनाती के दौरान गुड़गांव के 2008 के बहुचर्चित किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया जिसके चलते वो सुखिर्या में आई थी।

कुछ समय पहले सैफई में मुख्यमंत्री

मुजफ्फरनगर दंगों पर बनी रही फिल्म में आईपीएस माली सैनी समाज गौरव मंजिल सैनी के किरदार को दक्षिण फिल्मों की सुपर स्टार ऐश्वर्या निभा रही है। मंजिल सैनी मुजफ्फर नगर में हुए कवाल कांड के दौरान एसएसपी रही थी। बाद में उनहें हटा दिया गया। जिसे दंगे के कारणों में से एक माना गया।

मुजफ्फरनगर 2013 के शीर्षक से बन रही फिल्म के निर्माता मनोज के मुताबिक मंजिल सैनी एक बेहतरीन काबिल और बोल्ड आईपीएस है। ऐश्वर्या ने उनका किरदार शानदार तरीके से निभाया है। ऐश्वर्या ने अपने किरदार को नजदीक से जानने के लिए इस समय इटावा एसएसपी मंजिल सैनी से भी गुर सीखे है ताकि उनका किरदार रियलस्टिक हो सके। गौरतलब है कि मुजफ्फर नगर दंगे की शुरूआत में कवाल में हुई 3 हत्याओं को माना जा रहा है। इसके बाद डीएम एसएसपी को हटा दिया गया था जो बाद में बहुत गलत फैसला साबित हुआ। निर्माता मनोज ने बताया कि दंगे पर बन रही इस फिल्म में सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश भी दे रहे है। फिल्म में ऐसे लोगो पर सीन भी फिल्माए गए है जिन्होंने दंगे के दौरान मानवता की मिसाल कायम करते हुए एक दूसरे की जान बचाई। फिल्म में देव शर्मा मुख्य भूमिका में है जिनकी फिल्म यारियां अभी हाल ही में हिट रही थी। बजरंगी भाईजान फेम मुरसलीन कुरैशी मुख्य खलनायक की दमदार भूमिका में है। फिल्म की लगभग 15 दिन से मुजफ्फरनगर में शुटिंग चल रही है। फिल्म नवम्बर, 2016 को रिलीज होगी।

# RAS पारस टाक बनें नागौर सहायक जिला कलेक्टर



जोधपुर। समाज के युवा RAS राजस्थान में 10वीं रैंक प्राप्त करने वाले मगरा पूंजला निवासी पारस टाक RAS पारस टाक एक साधारण परिवार से है उनके पिता रामचंद्र कृषक एवं माता सुखीदेवी गृहणी है।

पारस टाक का कहना है कि उन्होंने में तीसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की थी। जब इससे पहले उनको दो बाद असफलता मिली तो लोगों के ताने सुनने को मिलते थे। इन्हीं तानों से उन्हें उर्जा मिली और वे दुगने उत्साह से तैयारी में जुटे। आज उन्हीं तानों ने मंजिल पर पहुंचा दिया।

उन्होंने बताया कि जब ग्रेजुएशन कर रहा था तब पहली बार दोस्तों से आरएएस के बारे में सुन और ठान लिया कि अब आरएएस ही बनना है। पारिवारिक स्थिथियां अनुकूल नहीं होने की वजह से बीएड करके 200 5 में थर्ड ग्रेड टीचन का एग्जाम दिया और सलेक्शन हो गया। फिर आरएएस की तैयारी में जुट गया। इसी बीच सैकंड ग्रेड, फर्स्ट ग्रेड टीचर के रूप में चयनित हुए। प्रिसीपल भी बनें।

आरएएस में दो बार चयन नहीं होने पर मायूसी तो हुई लेकिन परिवार से पूरा सपोर्ट मिलने के कारण हिम्मत नहीं हारी। इस दौरान स्कूल लेक्चरर अंग्रेजी और स्कूल हैड मास्टर के पद पर सलेक्शन हो गया।

इस प्रकार अपनी कड़ी मेहनत और लगन से पारस टाक ने सफलता प्राप्त करते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचे है। उनके नागौर सहायक जिला कलेक्टर पद पर नियुक्ति होने पर माली समाज की अनेकों संस्थाओं ने हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है। पारस टाक अपने व्यस्त समय में से जब भी फ्री होते है तब बच्चों को मार्गदर्शन करने आते है तथा उन्हें सफलता कैसे मिले उसके लिए हर संभव मदद करते है। माली सैनी संदेश परिवार पारस टाक को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके किए गए संघर्ष से समाज ही नहीं वरन प्रत्येक नागरिक सीख ले तथा सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर परिवार, समाज एवं देश के लिए कार्य करते हुए सफलता प्राप्त करें यही आज के युवाओं से आशा व्यक्त करते है।




# पीपाड़ अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सेमिनार का आयोजन







पीपाड़। मालियान सब्जी मण्डी स्थित चल रही माली समाज की अग्रसर संस्था अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रतियोगी परिक्षाओं के साथ सरकारी नोकरियों में कैसे सफलता प्राप्त करें। इसमें सफलता कैसे प्राप्त की जाए इसके लिए विशेष सेमिनार संस्था परिसर में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता व प्रेरक राजस्थान सिविल परीक्षा RAS में पूरे राजस्थान में 10वीं मेरिट प्राप्त करने वाले श्री पारस राम टाक ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर आप कोई लक्ष्य बना कर पढ़े तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने प्रतियोगी परिक्षाओं में विद्यार्थियों को किस प्रकार से तैयारी करनी चाहिए उसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

इसी कड़ी में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में व्याख्याता श्री दिनेश गहलोत ने भी सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अर्जुन की तरह लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगे बढ़ाना चाहिए। अभी जो समय हमें मिला है उसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते हुए हमें मिल रही सुविधाओं का फायदा उठाना चाहिए। आज हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है अगर यह समय चला गया तो फिर सिवाय पछताने के कोई चारा नहीं है कड़ी मेहनत और लग्न से हम अपने मुकाम तक पहुंचते है कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । इसमें प्रमुख रूप से जेएनयू स्कॉलर महेश परिहार, नवनियुक्त RAS अमृतलाल सांखला, भूगोल के भवानी सिंह जादम, बंशीलाल टाक, प्रधानाचार्य, सेमुरराम, जेठाराम सोलंकी, अभिनव प्रतियोगी संस्था के अध्यक्ष धमेन्द्र कच्छवाहा, भोमसिंह, जिला संयोजिका कन्या क्रांति सुमित्रा गहलोत।

आयोजकों ने आगामी परिक्षाओं एवं भर्ती की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की साथ ही नि:शुल्क कक्षाओं में नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पीपाड़ अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान का सफल सफरनामा

## संस्थान द्वारा छात्रावास हेतु भूमि खरीद कर ली गई है तथा शीघ्र ही भव्य भवन होगा तैयार

अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान, पीपाड में वर्ष 2007 से स्थापना के बाद अब तक 381 अभ्यर्थी का विभिन्न सेवाओं में चयन हुआ है। संस्थान में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी की संख्या 2800 है वर्तमान में करीब 550 विद्यार्थी इन सेवाओं का लाभ ले रहे है। यहा विशेषकर प्रशासनिक सेवा, बैकिंग, शिक्षा विभाग, रेलवे विभाग, एसएससी, पटवारी, वन विभाग, जेल प्रहरी सहित अनेकों सेवाओं में समाज के विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यहां तक की समाज की 10 होनहार महिलाओं ने लोको पायलट बन समाज को गौरवान्वित किया है जो महिलाऐं चुल्हे चौके तक सिमित थी उन्हीं मातृ शक्ति ने अब रेल के इंजन चला अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

संस्था को प्रथम बार प्रशासनिक सेवा में सफलता प्राप्त हुई तथा 2 अभ्यर्थी का चयन हुआ है। रेलवे विभाग में समाजे के अभ्यर्थीयों द्वारा सर्वाधिक संख्या में सफलता प्राप्त कर समाज का वर्चस्व कायम किया है। यही नहीं कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कांस्टेबल जीडी व संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षाओं में 150 से ज्यादा सफल अभ्यर्थीयों का परिणाम अभी प्रतिक्षा सूची में है। वर्ष 2015 तक अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षत समाज के 381 युवाओं का विभत्र सरकारी सेवाओं में अंतिम रूप से चयन होना माली समाज के लिए शैक्षणिक क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि है।

हम इसके लिए संस्थान के सभी पदाधिकारियों दानदाताओं के साथ ही विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते है। आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि समाज के युवा इस संस्थान के माध्यम से उच्च पद पर आसीन हो समाज के साथ देश का गौरव बढ़ाने का कार्य करेगे।



## विनिता को सफलता पर हार्दिक बधाई

नागौर। समाज की होनहार बेटी श्री सुरेशचंद्र सैनी (सहायक लेखा अधिकारी, नागौर) की सुपुत्री सुश्री विनिता ने आर पी एस सी. बॉयो केमेस्ट्री में 12वीं रैंक प्राप्त कर हम सभी का मान बढ़ाया है। हम सभी सुश्री विनिता के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हैं ।

# माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन की गणेश जी की प्रसादी

अजमेर जिला माली (सैनी) सामूहिक विवाह सामिति (रजि.)के तत्वधान में आज दिनांक 8 मई को प्रात: तेजाजी की देवली, उसरी गेट पर बारहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन की अपार सफलता के लिए धन्यवाद स्वरूप गणेश जी की प्रसादी का आयोजन किया गया।

इसमें सभी तेरह जोडों को समाज के द्वारा प्राप्त का ''कन्यादान'' राशि को प्रत्येक के बैंक ऑफ बडौदा में खाता खुलवा कर लगभग 10000/- अक्षरे दस हजार रूपये की एफ.डी. करके उनको मुख्य अतिथि के हाथो द्वारा दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिलोक चन्द इन्दौरा, अध्यक्षता हनुमान प्रसाद कच्छावा ने की। विशिष्ट अतिथि में मेयर धमेन्द्र गहलोत, टीकम चन्द टांक, पूनम चन्द मारोठिया इत्यादि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त समिति के प्रयासों से नगर निगम अजमेर के अधिकारियों द्वारा समिति कार्यालय में उपस्थित होकर ''विवाह प्रमाण पत्र'' को औपचारिकता पूरी कर ली गई।

बारहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल व भव्य बनाने के सभी आर्थिक सहयोग कर्त्ताओं, कार्यकर्त्ताओं का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। गणेशजी को भोग लगाया उनको विदाई दी गई। तत्पश्चात सभी समाज बन्धुओं ने एक साथ बैठकर दाल बाटी चूरमें का सामुहिक भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सम्मानित समाज बन्धुओं में चांदमल उबाना, पी.आर. परिहार, महेश चौहान, राजेश भाटी, राजेश गढ़वाल, जितेन्द्र मारोठिया, राजेन्द्र बागड़ी, धमेन्द्र टांक, हनिश मारोठिया, कँवर लाल सोलंकी, मोती सिंह सैनी, हेमराज सिसोदिया, माखन मारोठिया, भागचन्द सांखला, करण सिंह टांक, महावीर चौहान इत्यादि उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि त्रिलोक चन्द इंदौरा ने सभी कहा कि मैं सभी वर-वधु का धर्मपिता होने के नाते अलग से सभी वर-वधु को अपनी और उपहार दिया। मंच का संचालन अध्यक्ष घीसू लाल गढवाल ने किया। माली समाज का अगला सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्भवत फरवरी 2017 या नवम्बर 2017 को आयोजित किया जायेगा इस अवसर पर संरक्षक सुरेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष घीसूलाल गढवाल, सुगन्द चन्द उबाना, मुरली मनोहर चौहान, नेमी चन्द बबेरवाल, रूप चन्द भाटी, बिशन साँखला, गोपी चन्द जादम, पूनम चन्द चौहान, श्याम लाल तंवर, यशोदा नन्दन चौहान, रमेश कच्छावा, मदन लाल कच्छावा, बाबू लाल सांखला, नोरत कच्छावा, भगवान स्वरूप भाटी, ओम प्रकाश चौहान, चन्द्र शेखर मोर्य, ओम पालरिया, राज किशोर सांखला, कैलाश भाटी, उर्मिला गढवाल, मनोरमा परिहार, विमला भाटी इत्यादि उपस्थित थे। मेयर धमेन्द्र गहलोत ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की अपार व भव्य आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया और सभी समाज बन्धुओं का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# माली सैनी धर्मशाला सुन्दर विलास के निविरोध चुनाव सम्पन्न

दिनांक 30.04.2016 को अजमेर के माली समाज प्रतिष्ठित एक मात्र धरोहर माली सैनी धर्मशाला, पंचायत क्षत्रिय फूल मालियान, सुन्दर विलास अजमेर के आम चुनाव वर्ष 2016-2019 तक कार्यकाल हेतु चुनाव के आम सूचना प्रसारित हुई। जिसमें नाम वापस लेने की तारीख 30.04.2016 को दोपहर दो बजे तक रखी गई। जिसमें सदस्यों ने एक दूसरे के समर्थन में नाप वापस लेकर निविरोध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

इस लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली का संचालन ईमानदारी निपक्ष्य, बेबाक तरीके से माखन लाल मारोठिया ने निभाया। वर्तमान अध्यक्ष श्री हनुमान कच्छावा ने इस धरोहर में अतुल्यनिय सेवाएं दी उसमें आज अति-आधुनिक एसी कमरों का निर्माण के साथ सुचारू से रखरखाव भी किया इनकी समाज सेवा अतुल्य हैं, तथा व्यवसाय में आधिक वयस्ता के कारण श्री चांद मल जी टांक को समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया।

माली सैनी धर्मशाला पंचायत क्षेत्रीय फूल मालियान धर्मशाला समति के सदस्यों महेश चौहान, हनुमान कच्छावा, हेमराज सिसोदिया, चन्द्र शेखर मोर्य, रमेश सतरावला, धर्मराज गहलोत, भागचन्द सांखला, वीर सिंह चौहान एवं अन्य समाज बन्धुओं के प्रयासों से चुनाव निविरोध हुये।

माली सैनी धर्मशाला, सुन्दर विलास समिति में अध्यक्ष चांदमल टांक, वरि उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पिल कन्या, उपाध्यक्ष, कंवर लाल सोलंकी, सचिव तारा चन्द चौहान, सह सचिव जयदेव सांखला, कोषाध्यक्ष राजू लाल सिगोंदिया, अंकेक्षक अशोक कुमार तुनवाल, कार्यकारिणी सदस्य में मेवालाल जादम, अमित महावर, अरविन्द बागडी, श्रीमती शारदा मालाकार चुने गयें। श्रीमती शारदा मालाकार पहली महिला सदस्य चुनी गई जो पेशे से यह अजमेर में रा.उ.मा. वि. अजमेर में अध्यािपका भी है।

इस अवसर पर अध्यक्ष चांदमल टांक ने कहा कि मैने जो पद लिया उसे पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी के साथ निभाऊगा पिछले अध्यक्ष श्री हनुमान कच्छावा के कार्यो ओर योजनाओ को समाजहित में आगे बढाता रहूगा और सदस्यो की सहमति व सहयोग होने पर ही समाज हित में कार्य करता रहूंगा। पूर्व अध्यक्ष हनुमान समाज कच्छावा सभी पदाधिकारीयो को माला पहनाकर स्वागत किया।

## अंतराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाडी मुस्कान सैनी को किया सम्मानित




सीकर। अंतराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी समाज की होनहार बेटी मुस्कान सैनी का सैन विश्राम सदन, सीकर में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष भंवरलाल सैनी ने की। कार्यक्रम में समाज के जे. डी. सैनी, विष्णु सिंगोदिया, सैनी जागृति संस्था के गंगा बक्स सैनी, पूर्व अध्यक्ष ज्योति बा फूल कॉलेज ने मुस्कान को प्रोत्साहित करते हुए समाज की बालिकाओं को मुस्कान से सीख लेनी की बात कही। कार्यक्रम में समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों के साथ समाज के सभी वर्गो ने मुस्कान के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम बूंदी जिले के इंद्रगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन





बूंदी। सैनी वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम व फूल माली समाज सामूहिक सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में बूंदी जिले के इन्द्रगढ़ तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फोरम के राष्ट्रीय संयोजक श्री सुभाष सैनी विशिष्ठ अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री किशोर टाक, कोषाध्यक्ष एस. आर. सैनी, महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती बिंदिया रानी टाक व महिला मंत्री श्रीमती कंचन टाक, बिल्डर श्री मदनलाल टाक, सैनी सैनी वर्ल्ड के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता श्री शीशमल सैनी व श्री रणजीत सैनी तथा अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी ने की।

सैफ जिला अध्यक्ष श्री दिनेश सैनी व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने पधारें आगंतुक मेहमानों का माल्यार्पण व साफा बांध कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती कंचन टाक ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा पर जोर दिया जाना अति आवश्यक है। श्रीमती बिंदिया रानी ने कहा कि समाज को फूले दंपति से प्रेरणा लेकर महिला शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेशाध्यक्ष श्री किशोर टाक ने कहा कि सैनी समाज की सभी संस्थाओं को एक मंच पर लाकर विकास करना ही सैफ का मुख्य उद्देश्य है। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक श्री सुभाष सैनी ने समाज की दिशा एवं दशा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए है हम सैफ के माध्यम से संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है समाज के बेराजगारों को रोजगार देना व सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे प्राप्त कर सकते है इसकी जानकारी भी समाज के शिक्षित वर्ग को होनी अति आवश्यक है।

# समाजसेवी श्री मेघाराम परिहार बने प्रदेश प्रचार मंत्री



## श्री मेघाराम परिहार है कृषि मण्डी, जोधपुर डायरेक्टर

जयपुर। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश व्यापी विस्तार के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारिया प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में जोधपुर के समाजसेवी श्री मेघाराम परिहार को संस्था का प्रदेश प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। जयपुर स्थित महात्मा फुले भवन में मोतीबाबा फुले, प्रदेशाध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, श्री ताराचंद गहलोत, श्री सेवाराम माली ने श्री मेघाराम परिहार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर श्री मेघाराम परिहार ने कहा कि वे हमेशा की तरह समाज के हर कार्य में तन तन धन से जो भी जिम्मेदारी उन्हें दी जायेगी उसका पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेगे।

माली सैनी संदेश परिवार श्री मेघाराम परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है। हमें विश्वास है कि पूर्व की भांति श्री मेघाराम पहिार अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा समाज के विकास हेतु तत्पर रहेगे।

## श्री योगेश गहलोत बने प्रदेश महासचिव



जोधपुर। माली संस्थान क सचिव पूर्व पार्षद व समाजसेवी श्री योगेश गहलोत को प्रदेश युवा महासचिव मनोनित किया गया है। गहलोत के महासचिव बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ माली समाज के प्रबुद्ध वर्गो ने श्री योगेश गहलोत को हार्दिक बधाई दी। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री अशोक चांदना ने युवा नेता एवं कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से कार्यकर्ता के रूप में संगठन की मजबूती का कार्य करने वाले पूर्व पार्षद श्री योगेश गहलोत के पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हएु संगठन में महासचिव मनोनित किया है। महासचिव बनें गहलोत ने पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे हमेशा संगठन की मजबूती के लिए तत्पर रहेगे। नव नियुक्त कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्री योगेश गहलोत ने जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया।श्री अशोक गहलोत ने योगेश गहलोत को बधाई दी। माली सैनी संदेश परिवार श्री योगेश गहलोत को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।


## प्रीति सैनी ने तेलगांना बोर्ड परीक्षा में किया टॉप



लक्ष्मणगढ़। समाज की होनहार बेटी वार्ड नबंर 2 की निवासी हाल निवासी हैदराबाद (तेलगांना) श्री महेश बागड़ी की सुपुत्री सुश्री प्रीति सैनी ने तेलगांना राज्य की सीनियर बोर्ड परीक्षा में ९४.1 अंक प्राप्त कर लक्ष्मणगढ़ व सैनी समाज का गौरव बढ़ाते हुए इतिहास बनाया है।

होनहार लाडली बिटिया की शानदार उपलब्धि पर समाज के विभिन्न संगठनों ने हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए प्रीति के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

माली सैनी संदेश परिवार सुश्री प्रीति की उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त करता है कि प्रीति आगे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार के साथ समाज को गौरवान्वित करेगी व समाज की युवा पीढ़ी के लिए मिसाल कायम करेगी।



हम सब के प्रिय व
प्रेरणा स्त्रोत जननायक
श्री अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान
के 66वें जन्मदिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छुः
माली सैनी संदेश - जोधपुर

# समाज का उत्थान व विकास एकजुटता से ही संभव :- राजकुमार सैनी



टोंक । लोकसभा मुख्य सचेतक व हरियाणा के सीतामढ़ी सांसद रामकुमार सैनी (कुशवाहा) व राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष संदीप सैनी का रविवार को जिला माली समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 व मदरलैण्ड स्कूल पंचकुईयां दरवाजा पर भव्य स्वागत किया।

लोकसभा मुख्य सचेतक रामकुमार सैनी (कुशवाहा) व राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष संदीप सैनी रविवार को कोटा से आते समय टोंक मुख्यालय पर माली समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के निज आवास विश्राम कर डिग्गी रवाना हुए। इस अवसर पर माली समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर के नेतृत्व में माला पहना व साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस मौके पर लोकसभा मुख्य सचेतक रामकुमार सैनी ने कहा कि समाज के उत्थान तब तक नहीं होगा जब तक हम समाज में व्याप्त बुराईयों को खत्म नहीं करेगें, समाज का उत्थान व विकास करने के लिए हमें एकजुटता रहकर समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठानी होनी।

आगामी जून माह में होने वाले महात्मा %योतिबा फूले मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर कहा कि समाज में महात्मा %योतिबा फूले जैसे महापुरूष ने अपनी पत्नि को शिक्षिका बनाया समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया है, समाज में शिक्षा को लेकर जागृति आई है और आज माली समाज फूल- सब्जी बैचने से लेकर प्रशासनिक सेवा और उद्योग जगत में अपनी पहचान बना चुका है। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष संदीप सैनी ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम जनसहयोग के बिना संभव नहीं है, समाज उत्थान के लिए समाज के सभी को साथ लेकर चलना होगा और सभी को साथ मिलकर एक मंच आना होगा, तभी समाज के विकास को गति मिल सकती है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने मूर्ति अनारण की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए सिंगोदिया ने कहा कि समाज के किसान, मजदूर और गरीब व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास करेगें । इस अवसर पर वरिष्ठ जिला महामंत्री, राहुल सैनी, कोषाध्यक्ष कालूराम बागड़ी, पार्षद मुकेश सैनी, भगवान सैनी, विष्णु दयाल उर्फ विशाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश सैनी, जय कुमार, राहुल सैनी कांन्टेक्टर, सूरज सैनी, अभिषेक सैनी, अशोक सैनी आदि मौजूद थे।

# बनेठा सरपंच नरेन्द्र सैनी होगें कर्मश्री अवार्ड से सम्मानित



टोंक । जिले के बनेठा ग्राम पंचायत के सरपंच नरेन्द्र कुमार सैनी को सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर एक अलग ही अपनी पहचान बनाने पर अर्न्तराष्ट्रीय समरसता संघ एवं राष्ट्रीय समता मंच के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में 1 मई को आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कर्म श्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

अर्न्तराष्ट्रीय समरसता संघ नई दिल्ली के उप सचिव आशीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई को अर्न्तराष्ट्रीय समरसता संघ एवं राष्ट्रीय समता मंच के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में स्थित आंध्र प्रदेश भवन सभागार में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक, समन्वय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें टोंक जिले के बनेठा उपतहसील के सरपंच नरेन्द्र कुमार सैनी को सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर कर्म श्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

# सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए शिक्षा का महत्व समझना होगा - सैनी

अतवर। ऑल इण्डिया सैनी समाज सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिलबाग सैनी ने कहा कि सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए शिक्षा के महत्व को समझना होगा। सैनी यहां सैनी सामाजिक संगठनों की बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा दिलाकर ही समाज नई उन्नति की राह बना सकता है। सैनी ने समाज के लोगों को दिल्ली में 5 जून को होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने का आव्हान भी किया।

बैठक से पहले अलवर जिला महासभा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी, युवा राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष श्री राजकुमार सैनीव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राजेश सैनी का स्वागत किया गया। महासभा के जितेन्द्र माली बताया कि स्वागत करने वालों में श्री अभय सैनी, इंजीनियर श्री निरंजन लाल, श्री पदम चंद, श्री रतनलाल, श्री पुरूषोत्तम, श्री विशंभर दयाल, श्री एम. एम.सैनी, श्री नरेन्द्र, श्री जयसिंह श्री मगन चंद, श्री अतर सिंह आदि शामिल है।

यह सभी नौगांवा में होने वाले सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति के सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मलित होने आये थे।


# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा

श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर

श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू (पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा (उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश



## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत ८ वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रू. 300/-** | **पांच वर्ष रू. 700/-** | **आजीवन रू. 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

Advertisements

**COLOR (Full Page)**

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

**BLACK**

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# समाज के विभिन्न सामूहिक विवाह समारोह की झलकियां



RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# Dream Career Counselling

## For MALI COMMUNITY STUDENTS

Step to

## CAREER COUNSELING

**On Sunday 12 June, 2016 at 10.30 A.M.**



**उच्च शिक्षा में उज्ज्वल भविष्य हेतु निःशुल्क कैरियर कॉउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन अवश्य करावें।**



Worried About Futher Studies

Boost up your Journey

Career

that Matter's Now you can

**Venue**

**Medical College Auditorium,**
**Medical College Shastri Nagar,**
**Jodhpur**


## SPONSOR

**LUCKY INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES**
B.Sc., BCA, BBA, B.Com., BA, MBA, MCA, M.Com., M.Sc., M. Pharma, B. Pharma, D. Pharma, ITI, BSTC, B.Ed., M.Ed.
Ext.1, Kamla Nehru Nagar, Jodhpur Ph. : 0291-2751925

**APNA VIDYALAYA SENIOR SECONDARY**
ENGLISH MEDIUM - IX, X, XI & XII SC.
Hostel & Transportation Facilities Also Available
Manji Ka Hatta, Paota, Jodhpur Mob. : 98294 19970

**VIDYA PUBLIC SR. SEC. SCHOOL**
Class Nursery to 12th Science, Arts & Commerce
Near Rajasthan Hospital Banar-Ajmer Road, Jodhpur Ph. : 0291-2263006

Way of Success...
**Deora Concept**
प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए जोधपुर का अग्रणी संस्थान
Ratanada Sabji Mandi, Opposite Jodhpur Sweet Corner, Jodhpur
Call : 779 183 7624 | 957 154 0554

## SPONSOR

**सत्यम पब्लिक**
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एवं छात्रावास
नर्सरी से बारहवीं तक विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग
बापू नगर, माता का थान, मगरा पूंजला, जोधपुर
फोन : 0291 6554551 (M) 99837 02000, 99504 60044

**मॉं शारदा विद्यापीठ**
सीनियर सैकण्डरी विद्यालय एवं छात्रावास
नर्सरी से बारहवीं तक विज्ञान, वाणिज्य, कला
मान नगर, माता का थान, पूंजला, जोधपुर फोन : 0291 6452656
(M) 9413573656, 9929973656 mail: yudhistharsingh@gmail.com

**tp Turning Point**
Defence Academy
Opposite Police Headquarters, Lalkothi, Jaipur | Gopalpura Mod, Tonk Road, Jaipur | Sitapura Industrial Area Jaipur
Ph.: 9785997500, 9785238500, 8385830000

**श्री खेतेश्वर शिक्षण संस्थान**
( हिन्दी माध्यम ) विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग
(English Medium) Science and Commerce
B.Sc, B.Com, B.A, B.C.A, B.Ed.
बनाड़ रोड़, नान्दड़ी जोधपुर ( राज. ) मो. : 9251456711


कार्यालय / आयोजक

**माली सैनी संदेश**


3, जवरी भवन, भैरूबाग के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे,
सरदारपुरा, जोधपुर मो. 94144 75464
Mail : malisainisandesh@gmail.com
Visit us at www.malisainisandesh.com


सहयोगी


DEEPAK DEORA'S ENTERTAINMENT
Mob. : 9462282282
www.deepakdeora.com



स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR